
महाप्रबंधक कार्यालय

पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर

राजभाषा विभाग

# पूर्व मध्य रेल दर्पण

अंक-5, (हिन्दी बुलेटिन), सितंबर, 2024



दर्पण
भारतीय रेल
2024

संरक्षक
छत्रसाल सिंह
महाप्रबंधक

प्रबंध संपादक
बी. के. सिंह
मुख्य राजभाषा अधिकारी
एवं
प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी

प्रधान संपादक
आदित्य कुमार आनन्द
उप मुख्य राजभाषा अधिकारी
एवं
उप विसमुलेधि (वित्त व बजट)

संपादक
अनिल कुमार शर्मा
राजभाषा अधिकारी

उप संपादक
राजकिशोर सिंह
वरिष्ठ अनुवादक

संपादन सहयोग
सुरेश महतो
कनिष्ठ अनुवादक

संपर्क
राजभाषा विभाग, पूर्व मध्य रेल
मुख्यालय, हाजीपुर, बिहार-844101
दूरभाष: 06224-276951
22968 (रेल), 22918 (रेल)
dgmraijbhashaecr@gmail.com
मो. 9771425658, 9771425667

**छत्रसाल सिंह**
महाप्रबंधक
**Chhatrasal Singh**
General Manager

सत्यमेव जयते

**पूर्व मध्य रेल**
हाजीपुर-844101
**East Central Railway**
Hajipur - Pin-844101
Phone : +91-06224-274728
Fax - 271513, 274738
E-mail : gm@ecr.railnet.gov.in



## शुभकामना संदेश

राजभाषा विभाग, पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर द्वारा प्रकाशित हिंदी बुलेटिन 'पूर्व मध्य रेल दर्पण' का उद्देश्य अपने रेल क्षेत्र के अंतर्गत महत्वपूर्ण घटनाओं एवं उपलब्धियों से रेल कर्मियों को अवगत कराना है।

आज की सूचना क्रांति के युग में सूचना के अभाव में व्यक्ति समय के साथ तालमेल स्थापित नहीं कर पाएगा। पूर्व मध्य रेल के रेलकर्मी इस क्षेत्र के अंतर्गत होने वाली महत्वपूर्ण घटनाओं तथा आयोजनों से अवगत हों, इसके लिए 'पूर्व मध्य रेल दर्पण' बुलेटिन का प्रकाशन एक सराहनीय पहल है।

तदनुसार इस बुलेटिन के वर्तमान अंक का प्रकाशन रेल कर्मियों के लिए अपनी सूचना अद्यतन करने हेतु मील का पत्थर साबित होगा।

रेल कर्मियों से मेरा आग्रह है कि वे इस बुलेटिन को पढ़ें साथ ही इसे बेहतर करने हेतु अपना सुझाव भी दें, ताकि यह बुलेटिन भविष्य में और निखरे तथा समृद्ध हो सके।

शुभकामनाओं के साथ।

(छत्रसाल सिंह)

दिनांक 16.07.2024 को महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह बेतिया आरओबी के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए।





दिनांक 28.07.2024 को महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह गया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते हुए।





दिनांक 14.08.2024 को महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस का निरीक्षण।





अंधा वह नहीं जिसे दिखता नहीं। अंधा वह है जो अपना दोष देखकर भी उस पर पर्दा डालने का प्रयत्न करता है। -महात्मा गाँधी

महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह द्वारा दिनांक 23.08.2024 को सीतामढ़ी और दरभंगा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण।






दिनांक 25.07.2024 को महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह ने कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु पीएनएम के साथ बैठक की।






दिनांक 09.07.2024 को मंडल रेल प्रबंधक श्री राजेश गुप्ता की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, डीडीयू की बैठक संपन्न हुई। बैठक में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री सुरजीत सिंह को चल शील्ड प्रदान की गई। बैठक का समन्वयन श्री दिलीप कुमार, अपर मुराधि सह अमरेप्र तथा संचालन श्री मनोज पासवान, राजभाषा अधिकारी सह सहायक कार्मिक अधिकारी ने किया।







कला और विज्ञान के विकास ने मनुष्य को खराब बना दिया है। -रूसो

दिनांक 18.06.2024 पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय, हाजीपुर में बाबू देवकीनंदन खत्री की जयंती सह हिंदी कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस सफल और सार्थक कार्यक्रम में श्री मनीष शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक, सिगनल व दूरसंचार, इरकॉन ने सारगर्भित वक्तव्य दिया। अन्य वक्ताओं में कवि विजय कुमार विनीत, और श्री सुरेन्द्र कुमार, सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी आदि थे।




दिनांक 19.06.2024 को पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय, हाजीपुर में तीन दिवसीय क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हिंदी निबंध प्रतियोगिता से हुआ। इस प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर उप मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री आदित्य कुमार आनन्द ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।




मुख्यालय/हाजीपुर में दिनांक 12.08.2024 को गोपाल सिंह 'नेपाली' जयंती सह हिंदी कार्यशाला के अवसर पर मुख्य वक्ता वरिष्ठ साहित्यकार संजय पंकज, डा. ( प्रो. ) राकेश रंजन, श्री शील आशीष, उप मुख्य सांख्यिकी एवं विश्लेषण अधिकारी सम्बोधित करते हुए। राजभाषा अधिकारी श्री अनिल कुमार शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।




पैसा जिसे महान लोग ठुकरा देते हैं, बनिया उसे अपने सीने से लगा लेता है। -महात्मा गाँधी

दिनांक 06.06.2024 को मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक श्री विवेक भूषण सूद, मंडल रेल प्रबंधक, सोनपुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में श्री योगेश कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक-सह अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी सहित मंडल के सभी शाखाधिकारी उपस्थित थे। हिंदी में सर्वाधिक कार्य करने के लिए चिकित्सा विभाग को अंतर्विभागीय राजभाषा चल शील्ड प्रदान किया गया साथ ही तिमाही के दौरान हिन्दी में सर्वाधिक कार्य करने के लिए श्री अमित कुमार सिंह, वरि. मंडल वित्त प्रबंधक एवं श्री अमित कुमार, कार्यालय अधीक्षक, कार्मिक विभाग को पुरस्कृत किया गया।







भारत स्काउट गाइड नेशनल लेवल कब बुलबुल महोत्सव का दिनांक-30.06.2024 को तत्कालीन महाप्रबंधक तरुण प्रकाश द्वारा उद्घाटन एवं वयस्क लीडर प्रशिक्षण।





दिनांक 21.06.2024 को प्राचार्य श्री राजू कुमार की उपस्थिति में क्षेत्रीय रेल प्रशिक्षण संस्थान, मुजफ्फरपुर के छात्रावास में विश्व योग दिवस मनाया गया जिसमें संस्थान के सभी कर्मचारियों एवं छात्रावास के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।








धर्म दान सर्वश्रेष्ठ दान है। उसके बाद विद्या दान। उससे भी नीचे प्राण दान। अन्न दान तो सबसे निकृष्ट दान है। -विवेकानन्द

दिनांक 18.06.2024 को मंडल रेल प्रबंधक श्री विनय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में समस्तीपुर मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न हुई। उक्त बैठक में जनवरी-मार्च, 2024 को संपन्न तिमाही के दौरान मंडल में राजभाषा प्रयोग प्रसार की समीक्षा की गई।




दिनांक 15.06.2024 को मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर, श्री जयन्त चौधरी परसा बाजार पैनल कक्ष में तथा ओड़ो स्टेशन पर ट्रेन संचालन से संबंधित दिशा निर्देश देते हुए।





दिनांक 12.06.2024 को मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, धनबाद की बैठक हुई जिसमें जनवरी-मार्च 2024 को समाप्त तिमाही की राजभाषा संबंधी प्रगति की समीक्षा की गई।



शरीर में जो स्थान प्राण का है, वही स्थान राष्ट्र में नेता का है। -तिलक

दिनांक 27.06.2024 को धनबाद मंडल के अन्तर्गत हजारीबाग टाउन स्टेशन में हिंदी कार्यशाला के आयोजन में कुल 30 कर्मियों को राजभाषा संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया।



दिनांक 22.08.2024 को मुख्यालय/हाजीपुर में महाप्रबंधक महोदय की अध्यक्षता में क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में वैशाली पत्रिका अंक-28 का लोकार्पण हुआ साथ ही राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रशासन विभाग को अन्तर्विभागीय राजभाषा चल शील्ड प्रदान किया गया।






दिनांक 25 जून 2024 को मुख्य कारखाना प्रबंधक, हरनौत, श्री रण विजय प्रताप द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में तकनीकी प्रतियोगिता एवं अंबेडकर जयंती पर आयोजित क्विज में सफल प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही राजभाषा पत्रिका 'नालंदा नयन' अंक-5 का लोकार्पण हुआ।







मोती को चुनने के लिये कूड़ा निगलना जरुरी नहीं, न ही कूड़ा साफ करते वक्त मोती को फेंकना। -लोहिया